**Terms of Reference**
**Consultant – Certification Unit**
**(Quality and Patient Safety Division)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a technical support organisation under the National Health Mission, Ministry of Health & Family Welfare. NHSRC channelizes required technical assistance for the MoHFW and the States for various tasks. Such requirements are dynamic in nature. Work at the NHSRC is organized around seven divisions, namely – Community Processes & Comprehensive Primary Care, Healthcare Financing, Healthcare Technology, Human Resources for Health, Public Health Planning, Public Health Administration and Quality and Patient Safety.

If you have a commitment to health Quality and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you to work with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co- create, and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, Quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

For improving Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards were developed under the National Health Mission. In the year 2013, QA Operational Guidelines and Quality Standards for District Hospitals were launched by the Ministry of Health & Family Welfare. This was followed by development and launch of Quality Standards for Community Health Centres (CHCs) and Primary Health Centres (PHCs), followed by Quality Standards for Urban PHCs in the subsequent years. There is an explicit system of measurement of extent of compliance against each of the National Quality Assurance Standard (NQAS). Each Quality standard has measurable elements and checkpoints.

Quality and Patient Safety Division (QPS), NHSRC performs task of the secretariat on behalf of the Ministry of Health & Family Welfare in implementation of National Quality Assurance Standards at public health facilities in States/ UTs. Under this mandate, QPS division performs two major roles first being setting the standards for different level of health facilities as per need and supporting the states in its implementation through capacity building and handholding; and second function is of verification of attainment of standards at the health facilities through a robust system of Quality certification.

An independent certification unit has been developed under NHSRC for managing Quality Assessments of public health facilities under NQAS. Managing Quality Assessment and Certification at national level offers a unique challenge for an incumbent to innovate, improvise and strengthen the existing system. The task performed at the certification unit are dynamic in nature and expects a full-time commitment from their consultants. Tasks undertaken at Certification Unit NHSRC, harness the skills of planning, Liaoning, team-work, timeliness, analytical, promptness in the incumbent.

For supporting above mentioned tasks, NHSRC intends to induct a Consultant in the Certification Unit, QPS Division. The incumbent is expected to have good clinical background and excellent writing skills.

The position reports to Advisor – QPS and is on contractual basis.

***The position requires strong moral and ethical code of conduct with essence of integrity, confidentiality while undertaking the responsibility.***

**Roles & Responsibilities**:
Expected roles and responsibilities of the incumbent are given below:

1. Support in conduct of the national level assessments in the allocates states from receipt of application till result declaration.
2. To monitor all certification related activities and ensure completion of activities in timebound manner.
3. Correspondence of final reports to MOHFW for final decision making on Quality Certification Status of assessed facilities.
4. Liaison with MoHFW officials, empanelled external assessors, Quality Experts, State / District QA nodal officers for effective management of certification activities.
5. Manage the data generated for preparation of fact sheets/ data sets for analysis and putting up for national level review.
6. Coordination for National level External Assessors Training.
7. Management of pool of Empaneled External Assessors.
8. Preparation of the certification guidelines, short notes, resource material for certification activities.
9. Vigilance in the on-going national level assessments.
10. Any other responsibility as allocated by Advisor QPS.

**Qualification & Experience:**

1. Possess bachelor's degree in MBBS/BDS/AYUSH/ Nursing with full time post graduate degree in MHA/MBA in Hospital Administration/PGDHM from the reputed institute.
2. 3 years' post-qualification experience (after PG).
3. At-least One year experience of NQAS implementation in public health facilities at district / State / National level.

**Note-**

- Only shortlisted candidates will be called for an interview.
- Incumbent is expected to have excellent writing skills and language proficiency, for which a screening test may be administered.

**Age Limit:** 45 Years (As on last date of receiving applications)

**Work Location:** New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts. Extensive Travels to the States and Districts as per need.

**Remuneration Range:** Between Rs.60,000/- to Rs. 1,20,000/-

****Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience***

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2024 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **2nd November 2022.**

## संदर्भ शर्तें (टीओआर)

## कनसल्टेंट – प्रमाणन इकाई

## (गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तकनीकी समर्थन संगठन है। एनएचएसआरसी विभिन्न कार्यों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों के लिए अपेक्षित तकनीकी सहायता का माध्यम बनता है। एनएचएसआरसी में कार्य सात प्रभागों के इर्द–गिर्द व्यवस्थित है। इनके नाम हैं – सामुदायिक प्रक्रियाएं एवं व्यापक प्राथमिक देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन और गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा।

यदि आप स्वास्थ्य निष्पक्षता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार का अवसर प्रदान करता हैं। यह जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने के जरिए स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए समर्थन उपलब्ध कराने का अवसर है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में वितरित देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक विकसित किए गए थे। वर्ष 2013 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिला अस्पतालों के लिए क्यूए परिचालन दिशानिर्देश और गुणवत्ता मानक जारी किए। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के लिए गुणवत्ता मानकों का विकास और उन्हें जारी किया गया। तदुपरांत बाद के वर्षों में शहरी पीएचसी के लिए गुणवत्ता मानकों को जारी किया गया। प्रत्येक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की अनुपालन की सीमा को मापने की स्पष्ट प्रणाली है। प्रत्येक गुणवत्ता मानक में मापने योग्य तत्व और जांच बिंदु हैं।

एनएचएसआरसी में गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग (क्यूपीएस) राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के कार्यान्वयन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से सचिवालय का कार्य करता है। इस जनादेश के अंतर्गत क्यूपीएस प्रभाग दो प्रमुख भूमिकाओं के माध्यम से कार्य करता है – प्रथम हैः आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं के विभिन्न स्तरों के लिए मानक तय करना और क्षमता निर्माण एवं हैंडहोल्डिंग के माध्यम से कार्यान्वयन में राज्यों का समर्थन करनाय दूसरा कार्य है : गुणवत्ता प्रमाणन की गतिशील प्रणाली के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में मानकों की प्राप्ति का प्रमाणन करना।

एनक्यूएएस के अंतर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के गुणवत्ता आकलनों के प्रबंधन के लिए एनएचएसआरसी के तहत स्वतंत्र प्रमाणन इकाई विकसित की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता आकलन और प्रमाणन का प्रबंधन नवाचार, सुधार और विद्यमान प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए नियुक्त व्यक्ति के लिए विशिष्ट चुनौती प्रस्तुत करता है। प्रमाणन इकाई में किया गया कार्य गतिशील प्रकृति का है और अपने कनसल्टेंट्स से पूर्ण कालिक प्रतिबद्धता की अपेक्षा करता है। एनएचएसआरसी की प्रमाणन इकाई में किए जाने वाले कार्य उम्मीदवार के योजना बनाने के कौशल, संपर्क कायम करने, टीम वर्क, समयसीमा का पालन करने, विश्लेषणात्मक क्षमता, और तत्परता का उपयोग करते हैं।

उपर्युक्त उल्लेखित कार्यों में समर्थन के लिए एनएचएसआरसी प्रमाणन इकाई, क्यूपीएस प्रभाग में कनसल्टेंट की नियुक्ति करने का इरादा रखता है। उम्मीदवार से अच्छी क्लीनिकल पृष्ठभूमि एवं उत्कृष्ठ लेखन कौशल धारक होने की अपेक्षा है।

इस पद पर नियुक्त व्यक्ति सलाहकार – क्यूपीएस को रिपोर्ट करता है और अनुबंध आधार पर नियुक्त किया जाना है।

**इस पद के लिए अपने उत्तरदायित्व निभाते समय सत्यनिष्ठा एवं विश्वसनीयता के साथ सशक्त नैतिक एवं सही–गलत का निर्णय करने की आचार संहिता के पालन की आवश्यकता है।**

**भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्वः**

इस पद पर नियुक्त व्यक्ति की संभावित भूमिकाएं इस प्रकार हैं –

1. आवेदन की प्राप्ति से परिणाम की घोषणा तक आवंटित राज्यों में राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकनों के संचालन में समर्थन करना।

2. प्रमाणन संबंधी सभी गतिविधियों की निगरानी करना और समयबद्ध ढंग से गतिविधियों को सम्पन्न करना।

3. मूल्यांकन की गई सुविधाओं की गुणवत्ता प्रमाणन स्थिति के बारे में अंतिम निर्णय लेने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को अंतिम रिपोर्ट के संबंध में पत्र व्यवहार।

4. प्रमाणन गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों, पैनल में शामिल मूल्यांकनकताओं, गुणवत्ता विशेषज्ञों, राज्य/जिला क्यूए नोडल अधिकारियों के साथ संपर्क रखना।

5. विश्लेषण के लिए तथ्य पत्रों/डाटा सेट्स की तैयारी के लिए सर्जित आंकड़ों का प्रबंधन और राष्ट्रीय स्तर की समीक्षा के लिए प्रस्तुत करना।

6. राष्ट्रीय स्तर के बाहरी मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए समन्वय।

7. पैनल में शामिल बाहरी मूल्यांकनकर्ताओं के पूल का प्रबंधन।

8. प्रमाणन गतिविधियों के लिए प्रमाणन दिशानिर्देश, लघु नोट्स, संसाधन सामग्री की तैयारी।

9. वर्तमान में जारी राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन की निगरानी।

10. सलाहकार क्यूपीएस द्वारा आवंटित कोई अन्य उत्तरदायित्व।

**शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव :**

1. एमबीबीएस/बीडीएस/आयुष/नर्सिंग में स्नातक उपाधि के साथ प्रतिष्ठित संस्थान से एमएचए में पूर्ण कालिक स्नातकोत्तर उपाधि/ अस्पताल प्रबंधन में एमबीए/ पीजीडीएचएमा।

2. शैक्षिक योग्यता हासिल करने के पश्चात (स्नातकोत्तर के उपरांत) 3 वर्ष का अनुभव।

3. जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में एनक्यूएएस के कार्यान्वयन का कम से कम एक वर्ष का अनुभव।

**नोटः–**

- केवल चुने हुए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- उम्मीदवारों से उत्कृष्ट लेखन कौशल और भाषा प्रवीणता की अपेक्षा है जिसके लिए स्क्रीनिंग टैस्ट लिया जा सकता है।

**उम्र सीमा** : 45 वर्ष ( आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

**कार्य का स्थान** : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य का अनुभव प्राप्त करने का अवसर। आवश्यकता अनुसार राज्यों और जिलों की गहन यात्रा।

**परिलब्धि की सीमा** : रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/– के बीच

**' इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी।**

**अन्य लाभः** उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन

**अनुबंध की अवधि** : 31 मार्च, 2024 तक, समान अवधि के विस्तार के साथ (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन)

इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें :** उम्मीदवारों से आग्रह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरें जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (ीजजचरूध्ध्दीतबपदकपंण्वतह) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **2nd November 2022.**है।